तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025



10 बीआरसी कार्यालय में बैठक सह प्रशिक्षण...





12 जिपं सामान्य सभा में जिले के विकास योजनाओं...







छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि 25/04/2025 (संध्या 5 बजे तक)

बी.एम. कॉलेज

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829


सियासत : विभाग प्रमुख ने जनसंपर्क विभाग के अफसरों को भी नहीं कराया अवगत

# जनप्रतिनिधियों-अफसरों की नहीं सुनने वाले कांकेर के जिला कार्यक्रम अधिकारी को हटाया जाएगा : राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

महिला बाल विकास विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े गुरुवार को कांकेर प्रवास पर थी। इस दौरान कांकेर में पदस्थ महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन के खिलाफ जनप्रतिनिधियों ने शिकायतें की। मीडिया से रूबरू होने के दौरान भी यह मुद्दा उठा की जिला कार्यक्रम अधिकारी जनप्रतिनिधियों की तो दूर वरिष्ठ अफसरों तक की नहीं सुनते हैं।

■ शिकायतों से नाराज मंत्री लक्ष्मी ने कहा- महिला बाल विकास विभाग में लापरवाह अफसरों के लिए जगह नहीं

शिकायतों से नाराज मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि अफसर को चेतावनी दी जाएगी। इसके बाद भी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया गया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हटाया जाएगा। महिला बाल विकास विभाग बेहद संवेदनशील विभाग है। इस विभाग में लापरवाह अफसरों के लिए कोई जगह नहीं है। जानकारी के अनुसार महिला बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सुबह साढ़े नौ बजे जिले के चारामा विकासखंड के ग्राम दरगाहन के आंगनबाड़ी



केंद्र का जायजा लिया और वहाँ पर खामी मिलने पर अफसरों को जमकर फटकार लगाई। इसके उपरांत मंत्री का काफिला कांकेर विश्रामगृह पहुँचा। जिले के भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता महिला बाल विकास अधिकारी विपिन जैन की शिकायत कर रहे थे। उनका कहना था कि शादी कार्यक्रम में न तो सही ढंग से आमंत्रित किया गया। ना ही कार्यक्रम के पहले किसी से सलाह मशविरा किया गया, जिसके चलते भाजपाई पदाधिकारियों को आपस में लड़ाने का काम किया। इसी दौरान महिला बाल विकास विभाग की मंत्री से रूबरू होते हुए मीडिया ने जानना चाहा कि महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी की शिकायतें आपको मिली है, इस पर आपका क्या कहना है, उन्होने कहा कि आज की बैठक में अफसर को व्यवहार बदलने की हिदायत दिया जाएगा, इसके बाद भी सुधार नहीं होने पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही ▶▶| शेष पेज 10 पर



### आंगनबाड़ी केंद्र में दिखी लापरवाही, भड़की मंत्री

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कांकेर जिले का औचक दौरा किया है, इस दौरान चारामा के दरगाहन में आंगनबाड़ी केंद्र में दिखी लापरवाही पर मंत्री भड़क गई और मौके पर मौजूद कर्मचारी अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई है, दरअसल आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दिए जाने वाले भोजन में रोस्टर का पालन नहीं हो रहा था उसके साथ ही बच्चों की संख्या भी काफी कम थी जिसको लेकर मंत्री को गुस्सा आ गया और उन्होंने व्यवस्था सुधारने को लेकर कड़े निर्देश दिए है, लक्ष्मी राजवाड़े चारामा से कांकेर मुख्यालय भी आएगी और कई जगहों का दौरा कर सकती है। मंत्री के औचक दौरे से लापरवाही की पोल खुल गई है।

### मंत्री के संज्ञान में लाया गया

महिला बाल विकास विभाग कार्यालय की फैली अव्यवस्था के बारे में भी मंत्री को बताया गया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुबह 10 बजे कार्यालय प्रारंभ हो जाने का निर्देश जारी किया गया था, परंतु महिला बाल विकास विभाग कांकेर में इस समय झाड़ू लगती रहती है। अधिकारी के संज्ञान में लाने के बाद भी सुधार नहीं होता है। ऐसे अधिकारी को लेकर आप क्या कहेंगी। मंत्री का कहना था कि यह गलत है, अधिकारियों को व्यवस्था में सुधार लाना चाहिए। अधिकारी को ठीक किया जाएगा।

### भाजपाइयों ने मंत्री का किया स्वागत

विधायक आशाराम नेताम, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, उगेश्वरी उइके, शकुंतला जैन,मीरा सलाम, राजीव लोचन सिंह, दीपक खटवानी, गिरधर यादव व अन्य भाजपाईयों ने कांकेर विश्रामगृह में महिला बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का स्वागत किया।

# शिविर में 85 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान, दिखा उत्साह





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में 24 अप्रैल को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 85 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने पहुँचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

■ संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन का आयोजन

संत निरंकारी सत्संग भवन अघन नगर में 24 अप्रैल को मानव एकता दिवस के उपलक्ष्य मे सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की प्रेरणा से संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 85 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, जिसमें 70 पुरुषों एवं 15 महिलाएं शामिल थी। इस आयोजन में संत निरंकारी मिशन के सेवादार भाइयों एवं बहनों तथा कोमल देव जिला अस्पताल के समस्त स्टाफ ने अपना सहयोग प्रदान किया। विधायक आशाराम नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, नपा उपाध्यक्ष उत्तम यादव रक्तदान शिविर में पहुँचकर रक्तदान करने वाले रक्तवीरों का हौसला बढ़ाया। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि संत निरंकारी मिशन के द्वारा जो पहल किया गया है, वो काबिले तारीफ है। संत निरंकारी मिशन के द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार काम करते रहते है। संत निरंकारी मिशन ब्रांच कांकेर के संयोजक राजा देवनानी ने बताया कि प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है और शहर के लोग स्वमेव रक्तदान करने के लिए पहुँचते है। रक्तदान के अलावा समय समय पर कई विविध कार्यक्रम चलाए जाते है और समाज सेवा के काम होते रहते है।

## खबर संक्षेप



### दिव्यांगजनों को मिली बैटरीचलित ट्रायसायकल एवं व्हील चेयर

**कांकेर**। समाज कल्याण विभाग द्वारा तीन दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्रायसायकल एवं व्हील चेयर प्रदाय की गई। नरहरपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत भैराडीह के अस्थिबाधित दिव्यांग बिहारी पटेल को बैटरी चलित ट्रायसाइकल, ग्राम धनेलीकन्हार निवासी अंजोरी यादव को व्हील चेयर और उनके भाई सुरीत यादव को समाज कल्याण विभाग द्वारा सीपी चेयर प्रदान किया गया। समाज कल्याण के उप संचालक ने बताया कि आवेदक की मांग पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विभाग द्वारा ट्रायसायकल एवं व्हील चेयर प्रदान किया गया।

### वार्ड क्रमांक 5 में स्वच्छता अभियान चलाया गया



**भानुप्रतापपुर**। डॉ. भीमराव अंबेडकर के जनशताब्दी सेवा सप्ताह सुशासन पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 24 अप्रैल को स्वच्छता अभियान के तहत नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 5 के सुलभ शौचालय की साफ सफाई किया गया। साथ ही वार्ड क्रमांक 4 में महाराणा प्रताप की प्रतिमा,वार्ड क्रमांक 6 में वीर शिवाजी की प्रतिमा को स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत साफ सफाई किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत के उपाध्यक्ष गजानंद डडसेना के अलावा नगर पंचायत के स्टाप उपस्थित रहे।

# एनीकट में घूमने गए चार छात्रों में से एक की डूबने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

पखांजुर के एक स्कूल के 4 छात्र परतापुर एनीकट घूमने के लिए गए थे। एनीकट में सेल्फी लेने के दौरान एक छात्र का पैर फिसल गया। एनीकट में गिर गया, उसे बचाने के लिए उसके तीन साथियों ने प्रयास किया। परंतु डूबने वाले छात्र को नहीं बचा पाएं। जानकारी के अनुसार पखांजुर के प्राइवेट स्कुल में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत छात्र अनुज विश्वास, सूरज राय, अभय ठाकुर और सूरज साहा अपने-अपने घर से घूमने जाने की बात कहकर परतापुर एनीकट चले गए। जहां सेल्फी लेने के दरम्यान सूरज साहा का पैर फिसला और वो पानी में डूबने लगा। सूरज को पानी में डूबता देख अनुज ने अपने दोस्त को बचाने के लिए पानी में छलांग लगाई। बाकी दोस्त तेज आवाज में चिलाने लगे। आवाज को सुनकर वही पास में मछली पकड़ने के लिए गए मछुआरों ने दोनों छात्रों को पानी से बाहर निकाला और स्कूटी में बिठाया। चारों छात्र किसी तरह पखांजुर सिविल अस्पताल पहुंचे। अस्पताल पहुंचने से पहले ही सूरज साहा ने दम तोड़ दिया। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने छात्र का परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। अनुज विश्वास जो बेहोशी की हालत में था, उसे वर्तमान में स्वास्थ्य एवं खतरे से बाहर है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई।



■ तीनों साथी नहीं बचा पाए

### घायल खतरे से बाहर: बीएमओ

इस संबंध में बीएमओ पखांजुर दिलीप कुमार सिन्हा से बात करने पर उन्होंने बताया अनुज विश्वास खतरे से बाहर है, मृतक सूरज साहा का पोस्टमार्टम डाक्टर टोप्पो ने किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।



# आतंकी हमले को लेकर गम और गुस्से का माहौल, कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

जम्मू -कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों पर हुए आतंकी हमले को लेकर गम और गुस्से का माहौल है। इस आतंकी हमले की हर ओर निंदा की जा रही है। हमले में मारे गए सैलानियों को नगर के गोल्डन चौक में भी नगरवासी व जनप्रतिनिधियों द्वारा कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए इस आतंकवादी हमले में पर्यटकों की हत्या से पूरे देश में शोक और आक्रोश का माहौल है। इस कायरतापूर्ण हमले की सभी वर्ग के लोगों ने कड़ी निंदा करते हुए गोल्डन चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। सभा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और आम नागरिकों ने भाग लेकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। मुस्लिम समुदाय में भी आक्रोश व गुस्सा साफ देखा जा सकता है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर देशभर में गुस्सा देखने को मिल रहा है। इस हमले में नाम पूछकर गोली मारने को लेकर सभी समाज के लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है, वहीं नगर के मुस्लिम समुदाय में भी खासा नाराजगी देखने को मिल रही है। समाज द्वारा गोल्डन चौक में कैंडल जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान गुस्साए मुस्लिम समाज के लोगों ने आरोपी आतंकवादियों और उनकी मदद करने वालों के लिए कड़ी सजा की मांग किया।

# अंतागढ़ नगर की सड़क के लिए मिले पौने पांच करोड़, हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/ अंतागढ़

नगर अंतागढ़ मुख्यालय की 2 किमी की सड़क की हालत बहुत जर्जर हो जाने के कारण नगरवासियों का जीना मुहाल हो गया था। विधायक विक्रम उसेंडी के अनुशंसा से जर्जर सड़क के मजबूतीकरण के लिए राशि स्वीकृत हुई, जिसका 24 अप्रैल को अंतागढ़ नगर में भूमिपूजन किया गया। अंतागढ़ शहरी क्षेत्र राज्यमार्ग 05 में 2 किमी. सड़क के मजबूतीकरण का कार्य विधायक विक्रम उसेंडी की अनुशंसा से स्वीकृत हुआ था, जिसका 24 अप्रैल को अंतागढ़ में सांसद भोजराज नाग, विधायक विक्रम उसेंडी और अन्य अतिथियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया। अतिथियों ने कहा कि यह सड़क भारी वाहनों के चलते हालत दयनीय हो गई थी और गड्ढे हो जाने के कारण आमजनता को आने जाने में बहुत दिक्कत होती थी। धूल के कारण लगातार नगवासी परेशान थे, परंतु कांग्रेस सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया और आमजनता परेशान होती रही। इस सड़क को लेकर कई बार प्रदर्शन भी किए गए और मीडिया लगातार कांग्रेस सरकार के संज्ञान में लाएं, परंतु कांग्रेसियों ने सड़क बनाने को लेकर रूचि नहीं दिखाई। भाजपा की सरकार बनते ही नगरवासियों ने यह जानकारी अंतागढ़ प्रवास पर पहुँचे विधायक विक्रम उसेंडी के संज्ञान में लाया था। विधायक ने सड़क को स्वीकृत कराने के लिए उच्च अधिकारियों से पत्राचार किया। उसके उपरांत यह सड़क स्वीकृत हुई और अंततः सड़क की मजबूतीकरण का भूमिपूजन हो पाया। अतिथियों ने आमजनता से यह भी कहा कि सड़क बनते समय यह ध्यान रखे कि गुणवत्तापूर्ण सड़क बन रही है या नहीं। अधिकारी व ठेकेदार लापरवाही बरतते है, तो उसका विरोध करें और बेहतर सड़क बनवाने के लिए विभाग की मदद करें। आयोजित कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष मनोरमा मंडावी, नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अमल नरवास,भाजपा के वरिष्ठ नेता रामविलास गुप्ता, जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष कुबल भूसाखरे, मंडल अध्यक्ष महेश उइके, पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मरकाम, गोलू महावे, यशोद उसेंडी, धन्नू गोटा, अशोक बघेल, यमुना पटेल, हेमलता देहारी, महेंद्र ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ विधायक विक्रम की अनुशंसा पर मिली राशि





### पैसा नही मिलने पर युवक ने लगा ली फांसी, हुई मौत

**कांकेर**। भानुप्रतापपुर थानांतर्गत बड़ेगांव भीरागांव निवासी 19 वर्षीय होलेहा कुमार शोरी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

बड़ेगांव भीरागांव निवासी नरेंद्र शोरी ने पुलिस को बताया कि मृतक ने पैसे का मांग किया था। पैसे देने से मना करने पर घर में ही 22 अप्रैल को दोपहर ढाई बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया ।

### दमकसा - कच्चे मार्ग के चौड़ीकरण करने की मांग

**दुर्गूकोंदल**। विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत दमकसा से कच्चे जाने वाली मुख्यमार्ग वयनर और इमलीमोड़ बीच के पहाड़ी के पास सड़क बहुत खराब है, जिससे लोगों को आने जाने में बहुत परेशानी हो रही है। ग्राम पंचायत झिटकाटोला के सरपंच दुर्गा ध्रुव, भीरावही के सरपंच हिरेसिंह दरों, मोहन नेताम, अवध निर्मलकर ने बताया कि अगर आगे से बड़ी गाड़ी आ जाती ,है तो सामने वाले के लिए जगह ही नहीं बचता है।

ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत एवं चौड़ीकरण करने की मांग किया है, ताकि लोगों को आने जाने में सुविधा हो सके।



### घायल युवक की ईलाज के दौरान अस्पताल में मौत

**कांकेर**। थाना अंतर्गत जिला अस्पताल में 23 अप्रैल को सुबह करीबन साढ़े 9 बजे मुंगेली के जापल निवासी 29 वर्षीय बलराम सिंह राजपूत का सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आने के कारण ईलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का किया शुभारंभ

# विकसित भारत की संकल्पना को पूर्ण करने पंचायत को करना होगा सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय ग्राम पंचायती राज दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 अप्रैल को मधुबनी बिहार से देशभर के लोगों को वर्चुअली संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पंचायती राज, समूह गतिविधियों और अन्य विषयों पर उद्बोधन दिया। इसी क्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विभिन्न जिलों की ग्राम पंचायतों में महिला हितग्राहियों से चर्चा किया तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली, साथ ही उन्होंने ग्राम स्तर पर जल संरक्षण करने की शपथ भी दिलाई। जिला स्तर पर कांकेर विकासखण्ड के ग्राम कन्हारपुरी में ग्राम पंचायती राज का आयोजन किया गया, जिसमें कांकेर विधायक आशाराम नेताम मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत कांकेर की ग्राम पंचायत कन्हारपुरी में प्रातः 10 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश सहित देश भर के लोग जुड़े। प्रधानमंत्री ने मंगलवार 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों पर हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मृत्यु होने पर श्रद्धांजलि दी तथा आंतकवाद के लिए कड़ी कार्यवाही करने की बात कही। उन्होंने पंचायत सशक्तीकरण पर जोर देते हुए विकसित भारत की संकल्पना को पूर्ण करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास और पंचायती राज के सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। उन्होंने विभिन्न जिलों से जुड़ीं समूह की हितग्राही महिलाओं से उनकी गतिविधियों के बारे में फीडबैक लिया, साथ ही मुख्यमंत्री ने ग्राम स्तर पर जल संरक्षण करने की शपथ भी दिलाई। जिला स्तर पर विधायक नें ग्राम पंचायत कन्हारपुरी के ग्रामीणों को पारंपरिक जल स्त्रोतों को संरक्षित करने और इस दिशा में सहभागी बनने का संकल्प दिलाया।






### ऑनलाइन सर्वे का भी किया शुभारंभ

पंचायती राज दिवस कार्यक्रम के समापन उपरांत विधायक आशाराम नेताम, कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, जिला पंचायत की अध्यक्ष किरण नरेटी और उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने ग्राम कन्हारपुरी में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ फीता काटकर किया। ग्रामीणों को तकनीकी सुविधा के लिए बधाई दी। इसके पश्चात ग्रामीण रोहित साहू और हेमलता भोयर के घर पर जाकर अतिथियों की मौजूदगी में कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने आवास प्लस एप के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए सर्वे किया।

### अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र में मिलेगी यह सुविधाएं

जिला पंचायत के सीईओ ने बताया कि नागरिक सुविधाओं की पहुंच के लिए अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र ग्राम पंचायतों में स्थापित किए जा रहे हैं। इन केंद्रो में जन्म-मृत्यु पंजीयन एवं प्रमाण पत्र, आय, जाति, निवास, विवाह पंजीयन, राजस्व सेवाएं सीएससी आईडी की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके अलावा वित्तीय समावेशन सेवाएं के तहत नगद आहरण, फंड ट्रांसफर, आनलाईन जीवन बीमा, सामान्य और कृषि, पेंशन एवं पैन कार्ड भी यहां पर बनाए जा सकेंगे।

# कबाड़ी का सामान लेने आए वाहन चालक ने युवक की काटी उंगली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर के कबाड़ी दुकान में कबाड़ी का सामान लेने रायपुर से ट्रक लेकर आए ड्रायवर ने काम करने वाले युवक को जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। आरोपी युवक ने पीड़ित की ऊंगली को दांतो से काट लिया, जिससे ऊंगली अलग हो गया। अलग हुए ऊंगली को आरोपी ने पूरा निगल लिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। थाना में शिकायत करने पहुंचे वार्ड क्रमांक 2 भानुप्रतापपुर निवासी 38 वर्षीय खिलावन बिझेकर पिता स्व. रमेश कुमार ने पुलिस को बताया कि 23 अप्रैल को दोपहर करीबन डेढ़ बजें बिरेन्द्र नेताम के कबाड़ी दुकान में काम कर रहा था। उसी समय मुझे बिरेन्द्र नेताम बोला कि रायपुर से कबाड़ी समान लेने गाड़ी आई है, उसके ड्राइवर को जाओ बुलाकर ले आना । मै ट्रक के ड्राईवर रामलौटन को बुलाने के ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ पुलिस ने दर्ज किया मामला



### इन धाराओं में हुआ मामला दर्ज

प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रामलौटन प्रजापति के खिलाफ धारा 115 (2), 118 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## खबर संक्षेप



### नवनिर्वाचित सरपंच ने शपथ ग्रहण कराने के साथ संभाला कार्यभार

**दुर्गूकोंदल।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद निर्वाचित हुए सरपंचों को प्रभार मिलना शुरू हो गया है। ग्राम पंचायत हाटकोंदल में पंचायत भवन में नवनिर्वाचित सरपंच हरीशा सरोज मंडावी को सचिव सतिमा उइके ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह के बाद सरपंच ने कहा कि वह पंचायत के एक-एक गांव का विकास करेंगीं। सभी की समस्याओं का तत्काल समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। इसी के साथ ही प्रत्येक हितग्राही को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इस मौके पर ग्रामीणों के आनन्द तेता, नरेश रावटे, कुशल मंडावी, बहुलसिंह यादव, दरबू कोसमा, युवराज सिंह, प्रवीण ठाकुर, ललित हिड़को, पूर्व सरपंच त्रिभुन टेकाम, इंद्रजीत परचापी, विष्णु तेता व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को दी गई श्रद्धांजलि



**भानुप्रतापपुर।** नगरवासियों द्वारा मुख्य चौक पर एकत्रित होकर पूर्व जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कैंडल जलाकर दो मिनट का मौन रखा। आतंकवादियों द्वारा कश्मीर के पहलगाम में पर्यटको के साथ हुए हृदयविदारक घटना ने सम्पूर्ण देश के साथ-साथ भानुप्रतापपुर कि जनता को भी झकझोर के रख दिया है। भानुप्रतापपुर के सभी समाज और धर्म के लोगो ने एकजुटता दिखाते हुए आतंकवादियों द्वारा किए गए अमानवीय कृत्य कि घोर निंदा किया और ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने प्रार्थना किया गया। नगरवासियों ने कहा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने धर्म पूछकर निहत्थे हिंदुओं की हत्या किया, जो अत्यंत निंदनीय और अमानवीय कृत्य है। अब समय आ गया है कि आतंकवादियों और उनके समर्थकों को जड़ से खत्म किया जाए।

### शाउमावि पोटगांव के 9 वीं और 11 वीं के परीक्षा परिणाम घोषित



**कांकेर।** शाउमावि पोटगांव में 9 वी एवं 11 वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान शिक्षा समिति के अध्यक्ष दिलीप सिंह राजपूत, उप सरपंच हेमंत नायक, गिरधारी मंडावी, हिरेंद्र कुबेर, केआर नाग, चैन सिंह साहू, तुकेश बेलोंधिया, संस्था के प्राचार्य रत्ना यादव, समस्त शिक्षक व शिक्षिकाएं एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कक्षा 9वी से टाकेश्वरी नाग 83.66 प्रतिशत प्रथम, दुर्वशी टांडिया 72.66 प्रतिशत द्वितीय, दिशा मंडावी 71.66 प्रतिशत तृतीय कक्षा 11 वीं बायो से रवीना बंछोर 74.2 प्रतिशत प्रथम, भूपेंद्र भूआर्य 70 प्रतिशत द्वितीय, संजना भदौरिया 64.4प्रतिशत तृतीय, 11 वीं गणित से मानसी साहू 81.2 प्रतिशत प्रथम, रवीना घरत 72.2 प्रतिशत द्वितीय, 11 वीं कला से तरुण साहू 59 प्रतिशत प्रथम, लक्ष्मी कांत बेलोधीया 58.2 प्रतिशत द्वितीय, कुलेश्वरी कस्तूरे 52.4 प्रतिशत तृतीय, वाणिज्य से धनेन्द्र सलाम 70.02 प्रतिशत प्रथम, लीलाधर कस्तूरे 67.2 प्रतिशत द्वितीय, करण साहू 65 प्रतिशत से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### नवनिर्वाचित सरपंच और पंच का हुआ शपथ ग्रहण



**दुर्गूकोंदल।** ग्राम राऊरवाही में गुरुवार को ग्राम पंचायत भवन में सरपंच पंच का प्रथम सम्मेलन हुआ, जिसमें नवनिर्वाचित सरपंच बलराम टेपारिया ने पदभार के साथ 16 पंचों ने भी शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित होने के पूर्व सभी नवनिर्वाचित पंचायत पदधिकारी कि उपस्थिति में पंचायत भवन में मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर लोगों को गुलाल लगाया। ग्राम पंचायत के सचिव चुनूलाल सोम ने सरपंच और पंच को शपथ दिलाकर प्रमाण पत्र प्रदान किया।

---

**निर्देश : अचल संपत्ति का विवरण वर्ष 2015 से 2024 अपलोड करना बताया**

# बीआरसी कार्यालय में बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत संचालित समस्त 175 प्राथमिक, 65 माध्यमिक एवं 27 हाई- हायर सेकेंडरी स्कूल के संस्था प्रमुखों का सात चरणों में बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन 24 अप्रैल को बीआरसी कार्यालय सभाकक्ष में किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सभी शिक्षकों को अपने सीजीस्कूल आईडी के माध्यम से अचल संपत्ति का विवरण वर्ष 2015 से 2024 तक अपलोड करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान कर दो दिवस के भीतर पूर्ण करने का निर्देशित किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे ने समस्त शिक्षकों, पालकों, जनसमुदायों से अव्हान किया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान एवं आगामी सत्र में विद्यार्थियों के नवोदय, एकलव्य, राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृति परीक्षा, प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा कि तैयारी के लिए विशेष ध्यान दे। विद्यार्थियों और उनके पालको को तैयारी के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि विकासखंड आगामी सत्र में नवोदय विद्यालय में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आबंटित 60 सीटो में से 100 प्रतिशत सफलता के लिए मिशन 60 के लक्ष्य को प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित कर सके। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी द्वारा 25 अप्रैल को होने वाले पढ़ाई तिहार, अंगना में शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन करने, पालकों को शिक्षा के प्रति जागरूक कर उनके द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यार्थियों को पढ़ाई से जोड़े रखने, परीक्षाफल गोश्वरा 30 अप्रैल तक पूर्ण कर जमा करने, मूल्यांकन पंजियो को संधारण करने, विद्यार्थियों के जाति, निवास प्रमाण पत्र बनवाने, नवप्रवेशी विद्यार्थियों का सर्वे कर एक सप्ताह के भीतर लक्ष्य निर्धारित कर उस दिशा में प्रयास करने के लिए निर्देशित किया गया। सीआरसी ने समग्र रिपोर्ट कार्ड एवं प्रगति पत्र समय पर पूर्ण कर वितरित करने, नवप्रवेशी विद्यार्थियों की सूची तैयार कर पालक संपर्क करने, नए सत्र के लिए शाला विकास योजना की तैयारी, अपार आईडी जनरेशन में प्रगति लाने, चांवल के भौतिक सत्यापन एवं रखरखाव पर ध्यान देने, महत्वपूर्ण पंजियो का पूर्ण संधारण करने सहित एफएलएन की सफलता पर चर्चा किया।

### कार्ययोजना पर भी की गई चर्चा

संस्था प्रमुखों के साथ आगामी शैक्षणिक सत्र की कार्ययोजना पर चर्चा किया गया। साथ ही जर्जर या मरम्मत योग्य शालाओ की मरम्मत के लिए शाला प्रबंधन समिति एवं प्रधान पाठक का प्रस्ताव जमा करने , ग्रीष्मकालीन अवकाश दौरान भवन के रखरखाव का भी ध्यान रखने प्रधान पाठक को निर्देशित किया ।बैठक में समस्त संकुल समन्वयक, संकुल प्राचार्य, संस्था प्रमुख उपस्थित रहे।

# जवानों को आपदा से निपटने व बचाव का दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के वाहिनी मुख्यालय में कमांडेन्ट अरूण देवगम के दिशा निर्देशन में सत्रह दिवसीय 7 से 23 अप्रैल तक आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया था। यह आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यशाला 03 बीएन वाहिनी एनडीआरएफ राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल के 01 अधिकारी पवन जोशी उप-कमांडेन्ट व अन्य 06 प्रशिक्षकों के द्वारा संचालित किया गया, जिसमें 28वीं वाहिनी अंतागढ़ के कुल 22 जवान एवं 33वीं वाहिनी के 14 जवान कुल सशस्त्र सीमा बल के 36 जवानों ने आपदा से निपटने के लिए व बचाव के अनेकों प्रकार के गुण दिखाएं गए। आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यशाला करवानें का मुख्य उद्देश्य है कि वाहिनी मुख्यालय के आसपास में किसी प्रकार का अनहोनी घटना जैसे कि वाहिनी के आसपास में भूकंप का आना, दुर्घटना का होना, घने जंगल में आग लगना पैसी कोई भी घटना में आसानी से निपटा जा सकें। सशस्त्र सीमा बल के मुख्य वाक्य सेवा सुरक्षा एवं बंधुत्व को सार्थक करना है। इस आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण में जवानों को अनेकों गुण दिखाएं गए, जिसमें भूकम्प से निपटने के गुण, किसी प्रकार के सड़क दुर्घटना से निपटने के गुण एवं प्रथम उपचार के गुण, जंगल में आग लगने पर बुझाने के गुण, नदी में डुबने वालों ग्रामीणों को बचाने के गुण, बादल फटने के उपरान्त बाढ़ कि स्थिति से निपटने के गुण, बाढ़ से ग्रामीणों को बचानें के गुण, किसी भी प्रकार के महामारी से निपटने के गुण, किसी व्यक्ति को हार्ड अटैक से निपटने के गुण, आग लगने पर उससे निपटने के गुण, ट्रेन दुर्घटना से निपटने के गुण शामिल है। एनडीआरएफ के द्वारा अनेकों प्रकार के आपदा से निपटने के गुण डेमों के साथ सिखाएं गए, जिससे आने वाले भविष्य के समय में किसी प्रकार का कोई दुविधा नही रहें।



# शाउमा विद्यालय भीरागांव का कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं के परीक्षा परिणाम घोषित

**कांकेर।** शाउमा विद्यालय भीरागांव का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर के समस्त छात्र छात्राएं एवं उनके पालक उपस्थित हुए। कक्षा 9वीं में कुल 133 में से 118 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें 80 छात्र उत्तीर्ण हुए एवं परीक्षा परिणाम 67.79 प्रतिशत रहा। कक्षा 9वीं में प्रथम स्थान पर वैष्णवी निषाद, द्वितीय पूर्णिमा उयके और तृतीय स्थान पर गिरजा पुड़ो रही।

शाउमा विद्यालय भीरागांव के कक्षा 11वीं कला संकाय में कुल 44 में 43 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें 31 छात्र उत्तीर्ण हुए एवं परीक्षा परिणाम 70.4 प्रतिशत रहा। कक्षा 11वीं कला संकाय में प्रथम स्थान पर दीपिका तारम और कुमारी नीतू संयुक्त रूप से रही, द्वितीय स्थान पर भुनेश्वरी और तृतीय स्थान पर पूनम सलाम रही। कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय में कुल 54 में 54 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें 44 छात्र उत्तीर्ण हुए एवं परीक्षा परिणाम 81.48 प्रतिशत रहा, जिसमें प्रथम स्थान पर शिवानी खसवा, द्वितीय स्थान पर हर्षल कुमार और तृतीय स्थान पर कुमारी हेमा साहू रही। कक्षा 11वीं वाणिज्य संकाय में कुल 21 में 20 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें 15 छात्र उत्तीर्ण हुए परीक्षा परिणाम 75 प्रतिशत रहा, जिसमें प्रथम स्थान पर सीमा जुरी, द्वितीय स्थान पर आरती मरकाम और तृतीय स्थान पर रितेश नाग रहा। परीक्षा परिणाम घोषणा के दौरान प्राचार्य नेम सिंह गावरे एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर समस्त स्टाफ ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और सभी को शुभकामनाएं दी।

# मुरडोंगरी स्कूल में हुई निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता



**कांकेर।** शाउमा विद्यालय मुरडोंगरी में पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच केशव राम मंडावी, विशिष्ट

■ पृथ्वी दिवस पर हुए विविध आयोजन

अतिथि विश्वनाथ मंडावी शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य हरीश कुमार साहू द्वारा सभी बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी गई। संस्था में पृथ्वी दिवस के अवसर पर निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

आयोजित कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता पुष्पांजलि ठाकुर द्वारा करते हुए सभी बच्चों को ग्लोबल वार्मिंग की जानकारी देते हुए जल संरक्षण के उपाय बताया गया। अतिथियों द्वारा बच्चों को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर कार्य करने की बात कही गई। पृथ्वी दिवस के अवसर पर गणित क्लब प्रभारी पुष्पांजलि ठाकुर द्वारा कृषि विज्ञान शिक्षिका पूजा साहू एवं कृषि के विद्यार्थियों को गार्डनिंग पाइप, रेड क्रॉस प्रभारी सीमा गोस्वामी, इको क्लब प्रभारी शिक्षिका संगीता नरेटी एवं विद्यार्थियों को तीन गमला और औषधीय, फलदार, फूलदार पौधे भेंट किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथि एवं शाला परिवार द्वारा विद्यालय परिसर में पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता नरेंद्र दुग्गे, भगवती साहू, दिनेश सिन्हा, मनीष मंडावी, सरिता हेवार, प्रवीण बंजारे, आनंद यादव, अनुसूया कावडे एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल का परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर

■ अव्वल आए छात्रों को अतिथियों ने किया सम्मानित

पंचायत अध्यक्ष, अध्ययक्षता स्कूल समिति अध्यक्ष, विशेष अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष उपस्थित रहे।

कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान आने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि निखिल सिंह राठौर ने कहा आज परीक्षा परिणाम है और नए संकल्प का अवसर है। सभी बच्चों को बधाई। मेरिट के लिए बधाई, जो छात्र-छात्राएं पीछे रहे गए उन्हें मेहनत करने के अवसर मिला है। मेहनत कर उसे आने वाले समय मे प्राप्त कर सकते है। बच्चों को शिक्षा कही भी दे सकते है। वर्तमान में शिक्षा का व्यवसायीकरण हो गया है। पर सरस्वती शिशु मंदिर पूरे देश मे शिक्षा के साथ संस्कार, राष्ट्रभक्ति, अखंडता और एकता का पाठ पढ़ाता है। आप सभी को शिशु मंदिर में पढ़ने का अवसर है। केवल डॉक्टर, इंजीनियर, कलेक्टर बनाने के साथ यह संस्था एक अच्छा इंसान बनाता है। बच्चों संस्कार वान बनना बहुत जरुरी है। अपने बच्चों को अंक से न तौले। हर बच्चा अलग होता है बच्चों से कहा सपना बड़ा रखे, अगली परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत करें। स्कूल की मांग पर अध्यक्ष निधि से एक साइकिल स्टैंड बनवाने की घोषणा किया। अध्यक्षता कर रहे समिति अध्यक्ष सुमंत सिन्हा ने कहा जो बच्चे मेरिट में आए है उसे बहुत बधाई और जो कम अंक लेकर आए है, उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने कहा सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं बच्चों को सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों पर भी फोकस किया जाता है। समिति के नरेश जैन ने बच्चों से कहा साल भर पढ़ाई का परिणाम है। सभी को बधाई। समिति के व्यवस्थापक सोमदेव नायक ने आभार, संचालन प्राचार्य थानुराम सिन्हा, अजय मंडावी व्यक्त किया। इस मौके पर अभिभावकों ने भी स्कूल की पढ़ाई को लेकर अपनी बातें रखी। इस अवसर पर मनसुखलाल मिश्रा, शिवशंकर देहारी, अभिभावक, शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सरस्वती शिशु मंदिर के कक्षा अरुण में प्रथम प्रणव कुंजाम, द्वितीय सिद्धार्थ कोमरा, तृतीय आदित्य पुजारी, उदय में प्रथम आराध्य यादव, द्वितीय राध्वी, तृतीय मलय गावड़े, पहली में प्रथम श्रेयांश नाथ दास, द्वितीय आकृति साहू, तृतीय अनमोल पॉल। दूसरी में प्रथम प्रीति सिंह, द्वितीय भावना कोमरे, तृतीय सुयश चंद्रवंशी, तीसरी में प्रथम ऋचा सिन्हा, द्वितीय पूर्णिमा ध्रुव, तृतीय तुषार साहू, कक्षा चौथी में प्रथम स्वाती गोटा, द्वितीय खुशबू वर्मा, तृतीय योग्या कुंजाम। कक्षा छठवीं में प्रथम मोनल साहू, द्वितीय सारिका शर्मा, तृतीय चिराग शांडिल्य, सातवीं में प्रथम हरीश यादव, द्वितीय सुरेंद्र कुंजाम, तृतीय दक्ष सलाम, कक्षा नवमीं में प्रथम कल्पना यदु, द्वितीय मोनाली देवी, तृतीय नीलिमा शांडिल्य। और कक्षा ग्यारहवीं में प्रथम ओम यदु, द्वितीय रितुजा कृपाल और तृतीय स्थान वंदना शिंदे ने प्राप्त किया। सभी बच्चों को सम्मानित किया गया।

# सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का किया जा रहा है निराकरण

**भानुप्रतापपुर।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना सुशासन तिहार के प्रथम चरण 8 से 11 अप्रैल तक प्राप्त आवेदनों का निराकरण विभागवार किया जा रहा है। तहसील कार्यालय भानुप्रतापपुर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के क्रम में नारायणपुर निवासी सुरजू उईके पिता मेहर सिंह द्वारा किसान किताब अति जर्जर एवं फट जाने के कारण नया किसान किताब बनाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिस पर तहसीलदार भानुप्रतापपुर द्वारा निराकरण की कार्रवाई करते हुए तत्काल आवेदक को नया किसान किताब सौंपा। सुशासन तिहार के प्रथम चरण अंतर्गत समाधान पेटी के माध्यम से सभी विभागों में आम



जनता से आवेदन लिया गया था, जिसका निराकरण 9 अप्रैल से 4 मई तक सभी विभागों द्वारा किया जाना है। तृतीय चरण में 5 से 31 मई तक तहसील के कलस्टर मुख्यालयों में समाधान शिविर का आयोजन किया जाना है। अनुभाग में सुशासन तिहार के आवेदनों के निराकरण की समीक्षा बैठक पूर्व में एसडीएम गंगाधर वाहिले द्वारा लेकर सभी विभागों को 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से निराकरण करने को निर्देशित किया जा चुका है। तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा ने बताया कि सुशासन तिहार में राजस्व विभाग को कुल 214 आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसमें से प्रतिदिन इसका निराकरण किया जा रहा है। इसके लिए कर्मचारियों की डियुटी भी लगाई गई है। प्रतिदिन आनलाईन प्रविष्टि भी कर रहे है। अब तक 40 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, शेष बचे सभी आवेदनों को समय सीमा में पूर्ण कर लिया जाएगा।

# पतंजलि का आज से वंदेमातरम् में शुरू होगा इंटीग्रेटेड योग शिविर

**कांकेर।** वंतेमातरम् स्थल में तीन दिवसीय योग शिविर आज से 27 अप्रैल तक आयोजित किया गया। शिविर के प्रति आम जनता में जागरुकता लाने पंतजलि योग समिति व युवा भारत के तत्वावधान में शहर में बाइक रैली निकाली गई। शिविर में योग सिखाने रामदेव के शिष्य स्वामी आदित्य देव एवं अन्य दो स्वामी पहुंचेंगे।

भिलाई से पहुंचे युवा भारत के राज्य प्रभारी गोस्वामी जयंत विष्णु भारती ने बताया शिविर शुरू होने से पहले 15 मिनट पहले पहुंचे। योग के साथ लोगों पंचकर्म से ईलाज भी किया जाएगा। वाटर थेरेपी, यज्य थेरेपी, एक्युप्रेशर, मिट्टी थेरेपी, कुंजल क्रिया, नेति, वास्ति क्रिया के साथ अन्य चिकित्सा पध्दति से इलाज किया जाएगा। घुटना, कमर दर्द के साथ कब्ज से पीड़ित लोग क्षेत्र में ज्यादा हैं। ऐसे लोगो का योग के साथ पंचकर्म से उचित इलाज किया जाएगा। पंचकर्म की टीम भी पहुंच रही है। राज्य कार्यकारणी सदस्य उमेश कुमार सोनी, हरि



प्रसाद राव ने कहा योग व अन्य आयुर्वेद चिकित्सा पध्दति से ब्लड प्रेशर, मधुमेह, सर्वाईकल, स्लिप डिस्क, अर्थराईटस, अस्थमा, साइनस जैसी बीमारियो से निजात मिलता है। हरिद्वार से स्वामी आदित्य देव शिविर में योग सिखाएंगे। 26 वर्षीय स्वामी आदित्य देव योगगुरू स्वामी रामदेव के प्रिय शिष्य हैं। उन्होंने लगातार 10 घंटे सूर्य नमस्कार किया था, जो विश्व रिकार्ड है। हरिद्वार से स्वामी सनातन देव व स्वामी नरेंद्र देव भी योग शिविर में सिखाने पहुंचेंगे।

### 500 से अधिक ने कराया पंजीयन

वंदेमातरम स्थल में 15 हजार वर्गफीट जगह है जहां 700 लोग एक साथ बैठकर योग कर सकते हैं। अभी तक 300 ने आनलाइन तो 200 ने आफलाइन पंजीयन कराया है। 25 अप्रैल को वंदेमातरम स्थल के बाद स्वामी आदित्य देव शहर के इंदरू केवट कन्या कालेज में सुबह 9 से 12 बजे तक छात्राओं को योग की जानकारी देंगे। दूसरे दिन 26 अप्रैल को योग के बाद स्वामी आदित्य देव सरंगपाल के जेपी इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों के साथ योग पर चर्चा करेंगे।

### तैयारी में जुटे

शिविर को सफल बनाने में उमेश सोनी, डॉ. डीएल पटेल, सुनील साहू, राजेश पवार, राजकुमार फब्यानी, मोहन सेनापति, सावित्री हिरवानी, दुर्गा नायक, ज्योति बाला नाग, राजकुमार शुक्ला, जागेश्वर देवांगन, चुनेश्वरी नाग, तुलसीराम पिपरैया जुटे हुए हैं।

**सीएम एवं प्रशासन का जताया आभार**

# किसानों को मौके पर मिले जमीन के कागजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



सुशासन तिहार 2025 आमजनता के लिए खुशियों का तिहार न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता का परिचायक बन रहा है, बल्कि इससे आमजन की छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान से उन्हें बड़ी राहत और संतोष भी मिल रहा है। यह पहल ग्राम स्तर पर सुशासन को मजबूत बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। सुशासन तिहार का सबसे बड़ा उद्देश्य मौके पर समस्याओं का समाधान पूर्ण होता परिलक्षित हो रहा है। सुशासन तिहार के तहत भानुप्रतापपुर तहसील कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई और आवेदन निराकरण शिविर में ग्रामीणों को मौके पर ही लाभ मिल रहा है। इससे आमजन का प्रशासनिक तंत्र पर विश्वास अधिक मजबूत हुआ है। नारायणपुर निवासी सरजू उईके ने बताया कि उनकी कृषि भूमि की पुरानी किसान-किताब अत्यंत जर्जर अवस्था में थी, जिससे उन्हें कई तरह की समस्याएं आ रही थीं। सुशासन तिहार के पहले चरण में नया किसान किताब बनाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। प्रशासन की तत्परता और तहसीलदार भानुप्रतापपुर ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उनके आवेदन को त्वरित निराकृत किया गया और अनुविभागीय अधिकारी भानुप्रतापपुर जीडी वाहिले ने उन्हें तत्काल नई किसान किताब सौंपी। किसान ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि अब उन्हें अब खेती-किसानी के दस्तावेजों को लेकर किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। साथ ही उन्होंने संतुष्टि जाहिर करते हुए कहा कि सुशासन तिहार से वाकई उनके जीवन में सुशासन आया है। इसी तरह ग्राम खसगांव निवासी मंशाराम मंडावी ने अपनी भूमि खसरा नंबर 166, रकबा 1.02 हेक्टेयर के सीमांकन के लिए आवेदन दिया था। सुशासन तिहार के अंतर्गत उनके आवेदन पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए राजस्व अमले के द्वारा मौके पर जाकर संबंधित भूमि का सीमांकन किया गया। सीमांकन के बाद मंशाराम मंडावी सहित पड़ोसी कृषक के चेहरे पर संतुष्टि के भाव परिलक्षित हो रहे थे। किसान ने फौरी कार्रवाई पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा बिना किसी भागदौड़ के मेरी जमीन की समस्या का समाधान हुआ है, इसके लिए मंशाराम ने राज्य सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पेज 09 के शेष...

### जनप्रतिनिधियों-अफसरों...

करते हुए कांकेर से स्थांतरण किया जाएगा। विधायक ने भी मंत्री को बताया कि उक्त अधिकारी किसी की न तो सुनता है और न ही कोई जानकारी देता है।

### अंतागढ़ नगर की...

ठाकुर, बंटी ठाकुर, सतीश ठाकुर, शानू ठाकुर, इरफान खान, कल्पना जैन, राजू पटनायक, संदीप देहरी, लक्ष्मण ठाकुर, घनश्याम रामटेके, माखन सिंह, दीपसिंह सोलंकी, महावीर ठाकुर, पार्षदगण एवं शहर के नागरिक उपस्थित रहे।

### कबाड़ी का सामान...

लिए गया और ड्राईवर को बोला कि चलो तुमको दुकान मालिक बुला रहा है। उतने में ड्राईवर गाली देने लगा, कहा कि तू कौन होता है, मुझे आदेश देने वाला, आज तुझे जान से मार कर खत्म कर दूंगा। जान से मारने की धमकी देते हुए उसने हाथ मुक्का से मारपीट किया। मेरे द्वारा बीच बचाव करने पर मेरे बांए हाथ को पकड़कर अंगूठा के बगल वाली ऊंगली को अपने मुंह में ले जाकर दांतो से काट दिया, जिससे मेरा ऊंगली अलग हो गया और काटे हुए ऊंगली को निगल भी गया।

## खबर संक्षेप

### पंचायत दिवस पर ग्रामसभा का आयोजन



**बस्तर।** ग्राम पंचायत मधोता 2 कुंडगुड़ा पंचायत भवन प्रांगण में आम पेड़ के नीचे पंचायत दिवस के अवसर पर ग्राम सभा रखा गया। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित कृष्ण कुमार ठाकुर, ग्राम सभा अध्यक्ष सानू मंडावी, सरंपच ईश्वर मंडावी, उपसरपंच सामंती ठाकुर, जनपद सदस्य शामली कश्यप, सचिव ललित बघेल, रोजगार सह, हेमराज मौर्य, सीआरपी प्रेम सागर ठाकुर सभी पंचगण एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिसमें जल संरक्षण जल बचाव हेतु संकल्प लिया गया। आवास में पात्र अपात्र सूची तैयार किया गया, वृद्धा पेंशन सम्बन्धी, राशन कार्ड सम्बन्धी, शौचालय के पात्र अपात्र सूची तैयार किया गया और सरपंच द्वारा पंचायत दिवस सम्बन्धी जानकारी दी गई।

### मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित



**सुकमा।** आर्सेलर मित्तल निप्पान स्टील इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से परियोजना पढ़ेगा भारत कार्यक्रम के अंतर्गत मेधावी छात्र सम्मान समारोह 23 अप्रैल को सुकमा के वार्ड क्रमांक-15 कुम्हाररास में पार्षद मांडवी हूर्रा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एस्सार परियोजना पाइप लाइन क्षेत्रांतर्गत आने वाले शैक्षणिक संस्थाओं कक्षा 5वी एवं 8वी में अध्ययनरत बच्चों को उनके गत वर्ष में प्राप्त परीक्षा परिणाम की उत्कृष्टता के आधार पर कक्षा में प्रथम आने पर मेधावी सम्मान समारोह से सम्मानित किया गया। पढ़ेगा भारत परियोजना के तहत बच्चों को सायकिल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में कम्पनी से महेश कुमार डागा, अनंता मीरधा, एपीसी समग्र शिक्षा सीताराम सिंह राणा, कुम्हाररास स्कूल के बच्चों के पालक, ग्रामीण, जनप्रतिनिधि तथा संबंधित संस्थाओं के शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित थे।

### आज से 27 अप्रैल तक लगेगा सुविधा शिविर

**सुकमा।** जिले में माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं से ग्रामीणों को शत प्रतिशत लाभान्वित करने के उद्देश्य से कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 25 अप्रैल से 27 अप्रैल को ग्राम पंचायत बड़ेसेट्टी में सुविधा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के सफल क्रियान्वयन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सुकमा को नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सुकमा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सुविधा शिविर में आधारकार्ड निर्माण, आयुष्मान कार्ड निर्माण, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत जॉब कार्ड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राशन कार्ड, वन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र, वोटर आईडी कार्ड, बैंक खाता खोलना, नवीन आवेदन की पेंशन स्वीकृति दिव्यांग प्रमाण पत्र, पेंशन का भुगतान से लाभान्वित करने के साथ ही राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जाएगी। शिविर स्थल बड़ेसेट्टी में शिविर के सफल क्रियान्वयन की जिम्मेदारी तहसीलदार सुकमा और बीईओ सुकमा को दी गई है।

### नव नियुक्त कलेक्टर ने किया संयुक्त जिला कार्यालय का निरीक्षण

# कर्मचारी की टेबल पर नेमप्लेट तथा कार्य विवरण अंकित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



नव नियुक्त कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज संयुक्त जिला कार्यालय परिसर स्थित कलेक्ट्रेट भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उप पंजीयक, आदिवासी विकास, रोजगार, श्रम, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, पीएचई, राजस्व सहित अन्य विभागों की शाखाओं का जायजा लिया।

■ विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि वे स्वयं समय पर कार्यालय में उपस्थित हों

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सभी विभागों में आवक-जावक रजिस्टर का सुव्यवस्थित संधारण, प्रत्येक कर्मचारी की टेबल पर नेम प्लेट तथा कार्य विवरण दीवार पर स्पष्ट रूप से अंकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि आगंतुकों की सुविधा के लिए भवन में विभागों की दिशा सूचक तीर चिह्न लगाए जाएं, जिससे कोई भ्रम न हो। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पुराने भंडारण सामग्री के निपटान (राइट-अप) की प्रक्रिया शीघ्रता से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

कलेक्टर ने कार्यालय निरीक्षण के दौरान विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि वे स्वयं समय पर कार्यालय में उपस्थित हों और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी समय पर आने हेतु निर्देशित करें। संयुक्त जिला कार्यालय में निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए अधिकारी एवं कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर दुदावत ने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों के रखरखाव तथा नागरिकों को प्रदान की जा रही सेवाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, संयुक्त कलेक्टर भरतराम ध्रुव, डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## चिकित्सा सेवा प्रदाय संबंधी किसी भी प्रकार की कोताही पर होगी कड़ी कार्रवाई

आज मुख्यालय के जिला चिकित्सालय मे कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा प्रथम औचक निरीक्षण किया गया, इस दौरान कलेक्टर ने चिकित्सालय की सभी महत्वपूर्ण विभागों जैसे अस्थि रोग, शिशु रोग नाक कान गला, ब्रेन हेल्थ, स्त्री प्रसूति वार्ड, नवजात शिशु चिकित्सा वार्ड, सोनोग्राफी, ट्रामा, सेंटर, जनरल वार्ड, सीटी स्कैन, हमर लैब, ब्लड यूनिट वार्ड का औचक निरीक्षण करते हुए चिकित्सकों और उपस्थित चिकित्सा विभाग की कर्मचारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने सर्वप्रथम चिकित्सालय के प्रतिक्षा कक्ष का अवलोकन करते हुए उसे व्यवस्थित करने को कहा तत्पश्चात उन्होंने अभी हाल ही में प्रारम्भ हुआ ब्रेन हेल्थ वार्ड में जाकर वहां उपस्थित चिकित्सक से आने वाले मरीजों की औसत ओपीडी जाननी चाही इसके उत्तर में उपस्थित डाक्टरों ने बताया की औसतन 30 से 35 ओपीडी चिकित्सकी परामर्श के लिए आते हैं इनमें से अधिकतर डिप्रेशन अनिद्रा पार्किसंस सहित अन्य मानसिक बीमारियां से ग्रसित रोगी रहते है जिनकी काउंसलिंग करके उन्हें उपचार संबंधी इलाज किया जाता है। इस क्रम में आगे टीकाकरण कक्ष को देखा इस दौरान उपस्थित महिला मरीज ग्राम बिंजाम निवासी ललिता से चर्चा कर उसके टीकारण कार्ड को देखा। साथ की स्टाफ से कहा कि उनके पास आने वाली महिलाओं को महतारी वंदन जैसी महिलान्मुख योजनाओं के बारे में अवष्य बताएं। इस मौके पर सभी वार्डों में उपचारित निशुल्क दवाइयों की उपलब्धता, मरीजों को दिए जा रहे भोजन उसकी गुणवत्ता उनके डाइट और चिकित्सकों के नियमित रूप से मरीजों के देखने के समय के बारे में भी मरीजों और उनके परिजनों से फीडबैक लेते रहे। इस दौरान कलेक्टर ने चिकित्सालय के निर्माणाधीन "रेनोवेषन" कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल के वार्डो के प्रसाधन कक्षों में भी नियमित रूप से स्वच्छता को प्राथमिकता देने को कहा।

## प्राथमिक उपचार कर दवाइयों का किया गया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सेवा दे रहे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने सुरज पाल वर्मा पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज कोन्टा के मार्गदर्शन में एवं कमाण्डेंट पार्थ सारथी घोष के निर्देशन में 219 भेजी कैम्प में सी 219वीं वाहिनी द्वारा निःशुल्क

■ पुलिस बल ने नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं भण्डारे का किया आयोजन

चिकित्सा शिविर एवं भण्डारे का आयोजन किया गया।

इस शिविर के माध्यम से ग्राम भेजी,पेंटाभेजी,ओंदेरपारा तथा आस-पास के ग्रामीणों को सीआरपीएफ के चिकित्सा विभाग द्वारा वर्तमान समय में होने वाली बीमारियों जैसे कि सर्दी जुखाम खांसी बुखार डेंगू मलेरिया टायफयड आदि से पीड़ित ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार कर दवाईयों का वितरण किया गया। साथ ही मौसम बदलने के साथ उत्पन्न होने वाली बीमारियों से बचाव तथा उपचार के बारे में भी बताया गया। आयोजित मेडिकल शिविर में उपस्थित कर्मवीर सिंह द्वितीय कमान अधिकारी राजेश कुमार सहा. कमाण्डेन्ट द्वारा ग्रामीणों के समग्र कल्याण में सुधार हेतु विभिन्न स्वास्थ्य संबंधित मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया व गरमी के मौसम में खान-पान का विशेष ख्याल रखने हेतु आवश्यक जानकारी दी।

उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि भविष्य में उन्हें किसी भी तरह की परेशानी होने पर सीआरपीएफ हमेशा उनके साथ खड़ी हैं। कार्यकम के अंत में उपस्थित सभी ग्रामीणों ने भण्डारे का लुप्त उठाया।

## बस्तर ब्लॉक में शाला संग्रहालय का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर ब्लॉक के प्राथमिक शाला भोंड, संकुल भोंड विकासखण्ड बस्तर में संकुल स्तरीय शाला संग्रहालय का उद्घाटन किया गया। शाला संग्रहालय का मुख्य उद्देश्य विलुप्त होती विरासत को सुरक्षित करना। समुदाय के पारंपरिक ज्ञान को बचाने के लिए प्राचीन भाषाओं और संस्कृति को जानना, बच्चों की खोजी प्रवृत्ति का विकास करना, पारंपरिक संस्कृति के ज्ञान को स्कूली ज्ञान से जोड़ना है।

यह भोंड समुदाय के विशेष सहयोग से पुरानी सामग्री को एकत्र कर शाला संग्रहालय का निर्माण शिक्षा से जोड़ने का विशेष प्रयास किया जा रहा है। साथ ही भाषा को भी सहेजने का कार्य किया जा रहा है । लैंग्वेज एन्ड लर्निंग फाउंडेशन के द्वारा पहल किया गया । शुरुआत में समुदाय में लोगों के घर जाकर शाला संग्रहालय के बारे में बातचीत कर बैठक कर समुदाय के लोगों से सामग्री एकत्र को लेकर बातचीत किया गया। ग्राम के सरपंच जालंधर कश्यप ने संस्कृति के संरक्षण के साथ - साथ शिक्षा के गुणवता पर भी जोर देने की बात कही गई है। समुदाय ने शाला संग्रहालय की सराहना की। इस कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक भीम सिंह परिहार, संकुल समन्वयक लखेराम बिसाई पंच धनीराम, पाण्डेश्वर, शम्भूनाथ बघेल, चंद्रमणी दास, उमा तिवारी, श्वेता बघेल, वीरेश पांडे, ईश्वर साहू, सतीश श्रीवास्तव, महेंद्र राठिया, पंकज देवांगन, दीपिका मिंज, हिरादई बघेल, अर्चना एक्का, गायत्री साहू, सुकमोतिन शोरी का विशेष सहयोग रहा।

## सीईओ ने ग्रामीणों से सुनी समस्या-शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



कलेक्टर हरीश एस के मार्गदर्शन में बुधवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का आंकलन करने सहित जनसमस्याओं के निराकरण के लिए 23 अप्रैल से 2 मई तक ग्राम पंचायतों में

■ अधिकारियों के दलों ने मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा

जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के विकासखण्ड दरभा के ग्राम पंचायतों में बुधवार को जनचौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें जिला स्तरीय नोडल अधिकारी सहित विकासखण्ड स्तरीय एवं ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों के दलों द्वारा सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में सड़क, पेयजल, बिजली, स्कूल,आयुष्मान कार्ड की उपलब्धता, स्वास्थ्य जांच इत्यादि मूलभूत सुविधाओं के साथ ही शौचालय, प्रधानमंत्री आवास, सामाजिक सहायता कार्यक्रम पेंशन भुगतान, पशु टीकाकरण स्थिति का जायजा लिया गया। वहीं चौपाल में ग्रामीणों से चर्चा कर मूलभूत आवश्यकताओं की जानकारी ली गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने दरभा ब्लॉक के अंदरूनी ग्राम पंचायत लेन्ड्रा के जनचौपाल में ग्रामीणों से रूबरू होकर चर्चाकर उनकी समस्या-शिकायतें सुनी और निराकरण के लिए भरोसा दिलाया।

जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन ने दरभा ब्लॉक के सघन भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत कामानार में दरभा ब्लॉक के सभी दलों के द्वारा चौपाल में की गई कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा कर ग्रामीणों के मूलभूत आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं सुशासन तिहार के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण प्रगति की भी समीक्षा की। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीरेन्द्र बहादुर सहित जिला स्तरीय नोडल अधिकारी तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सुकमा में 70 अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केन्द्र प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

प्रति वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत में ग्राम स्वराज की भावना को सशक्त करने और लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जाता है।


■ प्रथम नक्सल मुक्त पंचायत बड़ेसेट्टी के कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में आज जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव राज्य के प्रथम नक्सल सदस्य मुक्त पंचायत बड़ेसेट्टी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर सुकमा विकासखंड के ग्राम पंचायत झापरा में जिलास्तरीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम जॉइंट कलेक्टर डॉ सूरज कश्यप और जनपद सूरी मधु तेता के मुख्य अतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मधुबनी, बिहार से प्रसारित वर्चुअल संबोधन के साथ हुई, जिसे ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण जन, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने एक साथ देखा और सुना। प्रधानमंत्री के विचार ने ग्रामीण विकास की दिशा में नई प्रेरणा दी। ग्राम सभा के दौरान पंचायत सचिव द्वारा उपस्थित ग्रामीण जनों को एजेंडा बिंदुवार जानकारी दी गई, जिसमें विकास योजनाओं से लेकर पंचायत की भूमिका तक की विस्तृत जानकारी साझा की गई।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस सुविधा केंद्र के माध्यम से अब ग्रामीण जनों को बैंकिंग, सरकारी योजनाओं की जानकारी, दस्तावेजों की ऑनलाइन सेवाएं एवं अन्य डिजिटल सुविधाएं ग्राम पंचायत स्तर पर ही सुलभ होंगी। इस अवसर पर जल संरक्षण एवं जल संवर्धन, एक राष्ट्र-एक चुनाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता फैलाते हुए सभी उपस्थित जनों ने स्वच्छता की शपथ भी ली।

## व्याख्याताओं का पुणे में कार्यशाला के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा



राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थाओं में शिक्षकों के कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय और चतुर्थ चरण में चयनित पीएमश्री विद्यालयों से 132 व्याख्याताओं का भारतीय विज्ञान शिक्षण व अनुसंधान संस्थान पुणे में आयोजित छह दिवसीय कार्यशाला में सहभागिता देंगे। यह कार्यशाला राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर की ओर से पीएमश्री योजना के अंतर्गत शिक्षकों की गणित विज्ञान एवं टेक्नॉलजी में क्षमता विकास के लिए आयोजित हैं। इस कार्यशाला में आशीष गौतम पीएमश्री समन्वयक छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में 132 व्याख्याताओं की टीम 25 अप्रैल को पुणे के लिए प्रस्थान करेंगे। कार्यशाला में विज्ञान के विभिन्न विषय विशेषज्ञों की ओर से चर्चा और क्रियाकलाप संपादित होगी। कार्यशाला में भाग लेने के लिए बस्तर संभाग से बस्तर जिले के पीएम श्री सेजेस विद्यालय से चार व्याख्याता गीता यादव लोहंडीगुड़ा, उर्मिला ठाकुर धरमपुरा, भार्गव पांडेय बस्तर, शंकर राव करपावड का चयन कार्यशाला के लिए किया गया है।

## कलेक्टर ने साइंस सेंटर का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



आज कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सर्किट हाउस रोड स्थित दंतेवाड़ा साइंस सेंटर का अवलोकन किया गया। गौरतलब है कि जिले के युवा और बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने करने और विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से यहाँ विज्ञान केंद्र की स्थापना की गई है।

यह विज्ञान केंद्र जिले के सुदूर अंचलों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। प्रतिदिन विशेष रूप से संचालित बसों के माध्यम से विद्यार्थी यहां पहुंचते हैं और केंद्र में प्रदर्शित विभिन्न वैज्ञानिक माडलों, प्रयोगों और प्रदर्शनों को न केवल देखते हैं, बल्कि उन्हें प्रयोग कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी खोजते हैं। इस साइंस सेंटर का उद्देश्य केवल विज्ञान की शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, प्रयोगधर्मी बनाने और उनके अंदर नए आविष्कारों की संभावनाओं को जागृत करना है। केंद्र में रखे गए इंटरएक्टिव मॉडल, डिजिटल डिस्प्ले, और प्रयोगशालाएं बच्चों को विज्ञान को केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित न रखकर, उसे जीवंत रूप में समझने का अवसर प्रदान करते हैं। इस अवलोकन के दौरान कलेक्टर ने यहां विभिन्न साइंटिफिक थीम पर आधारित कक्ष जैसे इंडस्ट्री रूम, फिजिक्स रूम, इमर्सिव रूम, मिनी वर्ल्ड रूम, हार्वेस्ट हब का भ्रमण करते हुए पोटाकेबिन कुआकोंडा के छात्रों से वैज्ञानिक माडलों प्रयोगों और प्रदर्शनों के बारे में चर्चा करते हुए विज्ञान संबंधित सिद्धांतों जैसे न्यूटन के उद्गम स्थल चुंबकीय उत्तोलन, वानडे ग्राफ जनरेटर, तरंग मंडल, लेज कानून, बैलिस्टिक पेंडुलम, टेस्ला कॉईल, प्लाज्मा बल, प्रकाशकिय गति, व्हिम्स हर्सट मशीन को समझाया।

## 45 हजार से अधिक आवेदनों पर कलेक्टर की सख्ती

### शीघ्र समाधान और आवेदकों को सूचना देना अनिवार्य




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त जन आवेदनों के शीघ्र और प्रभावी निराकरण हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में सभी विभागीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने सबसे पहले नगरीय निकायों से संबंधित आवेदनों की समीक्षा की तथा उसके पश्चात विभागवार आवेदनों की संख्या, प्रकार एवं अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन आवेदनों का विषय संबंधित विभाग से नहीं है, उन्हें तत्काल संबंधित विभाग को अग्रेषित किया जाए। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही समाधान होने के पश्चात आवेदकों को व्यक्तिगत रूप से सूचित करना अनिवार्य किया जाए, ताकि आम जनता को शासन-प्रशासन की तत्परता का अनुभव हो। ज्ञात हो कि सुशासन तिहार के प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल जिले में 45 हजार 288 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें अधिकांश शिकायतें, मांग और सुझाव से संबंधित हैं।

बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के मंशानुरूप व उनके निर्देश के तहत हम सबको सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का समाधान तेजी से करना है। प्रत्येक आवेदन हमारे लिए एक जिम्मेदारी है। अधिकारियों को चाहिए कि वे पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और आवेदकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करें। बता दें यह तिहार शासन की जनहित में त्वरित कार्यवाही की नीति को मूर्त रूप प्रदान करता है।

## बच्चों को मिला जाति प्रमाण पत्र, चेहरे पर आई मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड



जिला कलेक्टर हरिस एस के पहल पर आज बच्चों के जीवन में नई उम्मीद की किरण जगी। बस्तर विकासखंड के माध्यमिक शाला कुडकानार के बच्चों को शाला में जाति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर कक्षा छठवीं, सातवीं और आठवीं में अध्ययनरत गंगोत्री बघेल, सागर बघेल, विजय बघेल, अमित बघेल, शिवानी बघेल, मिनी नाग, रेणुका मौर्य, खुशी नाग, पायल बघेल को शाला के प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव ने जाति प्रमाण पत्र वितरित किया। शाला के प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव ने कहा कि प्रशासन की इस पहल से बच्चों के अभिभावक बेहद खुश हैं। लंबे समय से लंबित जाति प्रमाण पत्र अब बच्चों को मिल रहे है। शासन के इस तरह के त्वरित निर्णय से बच्चो को आने वाले समय में शासकीय योजनाओ का लाभ मिलेगा।



## पंचायतों को मूलभूत कार्य के लिए 3 करोड़ की राशि जारी

**कांकेर।** जिले की ग्राम पंचायतों को मूलभूत कार्यों के अनुदान मद अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए द्वितीय किश्त 03 करोड़ 16 लाख 37 हजार रुपए का आवंटन प्राप्त हुआ है। जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि प्राप्त आवंटन की राशि जिले की 454 ग्राम पंचायतों के लिए जारी की गई है। उन्होंने बताया कि जिले की अंतागढ़ जनपद पंचायत की 56 ग्राम पंचायतों के लिए 37 लाख 12 हजार 984 रूपए, भानुप्रतापपुर की 52 ग्राम पंचायतों के लिए 39 लाख 88 हजार 622 रूपये, चारामा की 64 ग्राम पंचायतों के लिए 42 लाख 33 हजार 509 रूपए, दुर्गूकोंदल की 44 ग्राम पंचायतों हेतु 32 लाख 35 हजार 52 रूपए, कांकेर की 64 ग्राम पंचायतों के लिए 41 लाख 76 हजार 957 रूपए, कोयलीबेड़ा की 103 ग्राम पंचायतों हेतु 73 लाख 93 हजार 355 रूपएं और जनपद पंचायत नरहरपुर की 71 ग्राम पंचायतों के लिए 48 लाख 96 हजार 521 रूपए की राशि जारी की गई है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# जिपं सामान्य सभा में जिले के विकास योजनाओं की विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




■ विकास कार्यों की समीक्षा भी गई

जिला पंचायत के सभागार में प्रथम परिचयात्मक सम्मेलन सह सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक की शुरुआत सभी विभागों के अधिकारियों के परिचय स्वागत के साथ आरंभ हुआ। जिसमें जिला पंचायत की उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, समस्त जिला पंचायत के सदस्यगण, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी एवं सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। बैठक में जिले के विकास कार्यों की समीक्षा और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की शुरुआत में वर्ष 2025-26 के लिए डीपीडीपी वार्षिक कार्ययोजना निर्माण पर विस्तार पूर्वक विचार- विमर्श किया गया। सदस्यों ने विकास योजनाओं की प्राथमिकताओं और वित्तीय प्रबंधन के संबंध में अपने सुझाव प्रस्तुत किए। जिला पंचायत अध्यक्ष बनने के बाद किरण नुरेटी की अध्यक्षता में प्रथम सामान्य सभा की बैठक में जिले के सभी विभाग जिला पंचायत, जल संसाधन, समाज कल्याण, मार्कफ्रेंड, खाद्य विभाग, आदिवासी विकास शाखा पशु विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, रेशम विभाग, खनिज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल कॉलेज, खादी उद्योग, एसबीआई, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र, विद्युत विभाग मत्स्य पालन, नीति आयोग जिला एवं व्यापार उद्योग आयुष्मान भारत स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, समग्र शिक्षा, शिक्षा विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग, पीडब्ल्यूडी ब्रिज विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, विद्युत विभाग, क्रीडा श्रम विभाग के प्रभारी अधिकारियों के द्वारा अपने-अपने विभाग के पिछले बजट पर किए कार्यों की जानकारी एवं विभिन्न योजनाओं के आय-व्यय आदि पर चर्चा किया गया। सरकार के विभिन्न योजनाओं के विषयों पर चर्चा हुई एवं वहीं बैठक में सभी सदस्य राष्ट्र को प्रगतिशील बनाने के लिए लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव एक ही समय अवधि में करने के लिए एक देश एक चुनाव का समर्थन किया।

## पीपीटी प्रवेश परीक्षा होगी 1 मई को परीक्षा में 398 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 1 मई को पूर्वान्ह 09 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक पीपीटी प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के कुल 398 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा परीक्षा का सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी तथा सहायक संचालक शिक्षा लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त परीक्षा के लिए शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

## समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य पर विकास हुए सम्मानित

**दुर्गूकोंदल।** आदिवासी हल्बा समाज 18 गढ़ महासभा मुख्यालय बड़ेडोंगर द्वारा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं नवनियुक्त अधिकारी, कर्मचारी, व्यवसायियों का आयोजन महासभा स्तरीय सम्मान समारोह किया गया था। जिसमें समाज सेवा में लगातार सेवारत एवं राजनीति के क्षेत्र में पहले ही प्रयास में जनपद सदस्य निर्वाचित होने वाले विकास राजु नायक सभापति संचार एवं संकर्म जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल को समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य, आत्मनिर्माण, समाज निर्माण व राष्ट्रनिर्माण के साथ-साथ सांस्कृतिक तथा नैतिक मूल्यों के विकास में जिस लगन, निष्ठा और जागरुकता का परिचय देने के लिए शहीद शिरोमणि गैंद सिंह भाऊ स्मृति समाज गौरव सम्मान से सम्मनित किया गया।







